# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

शंकर नगर मार्ग, रायपुर,

दूरभाष 0771-2439562, फैक्स 2446556 वेबसाईट www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 1067 / 140 / परीक्षा / 2013 रायपुर, दिनांक 23 / 08 / 2014

**–: विज्ञप्ति :–**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्र.– 05 / 2013 / परीक्षा दिनांक 31.08.2013 रोजगार और नियोजन में प्रकाशन दिनांक 04.09.2013 में सहायक संचालक प्लानिंग, रिसर्च एवं सर्वे (आवास एवं पर्यावरण विभाग) के रिक्त 06 पद तथा विज्ञापन क्र.–10 / 2014 / परीक्षा दिनांक 14.08.2014 रोजगार और नियोजन में प्रकाशन दिनांक 20.08.2014 सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के रिक्त 15 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किए गए थे।

उक्त पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाईन परीक्षा आयोग द्वारा **दिनांक 09.11.2014** को ली जाएगी। ऑनलाईन परीक्षा हेतु परीक्षा योजना परिशिष्ट–एक अनुसार तथा पाठ्यक्रम परिशिष्ट–दो अनुसार होगा। परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in में भी उपलब्ध रहेगा।

अवर सचिव

O/C छ.ग. लोक सेवा आयोग,

रायपुर

# परिशिष्ट-दो

"पाठ्यक्रम"

## "सामान्य अध्ययन एवं योग्यता परीक्षण"

### भाग-1

### सामान्य अध्ययन

(1) सामान्य अध्ययन :–

1. भारत का इतिहास एवं भारत का स्वतंत्रता आंदोलन।
2. भारत का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल।
3. भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था।
4. भारत की अर्थव्यवस्था।
5. सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।
6. भारतीय दर्शन, कला साहित्य एवं संस्कृति।
7. समसामयिक घटनाएं एवं खेल।
8. पर्यावरण।

**(2) छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान :–**

1. छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान।
2. छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु, भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन केन्द्र।
3. छत्तीसगढ़ का साहित्य, संगीत, नृत्य, कला एवं संस्कृति, जनऊला, मुहावरे, हाना एवं लोकोत्तियां।
4. छत्तीसगढ़ की जनजातियां, विशेष परंपराएं, तीज एवं त्यौहार।
5. छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि।
6. छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज।
7. छत्तीसगढ़ में उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन।
8. छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं।

**(1) GENERAL STUDIES: -**

1. History of India and Indian National Movement.
2. Physical, Social & Economic Geography of India.
3. Constitution of India & Polity.
4. Indian Economy.
5. General Science & Techonlogy.
6. Indian Philosphy, Art, Litereture & Culture.
7. Current Affairs & Sports.
8. Environment.

**(2) GENERAL KNOWLEDGE OF CHHATTISGARH**

1. History of Chhattisgarh, & Contribution of Chhattisgarh in Freedom Movement.
2. Geography, Climate, Physical status, Census, Archeological and Tourist Centres of Chhattisgarh.
3. Litrature, Music, Dance, Art and Culture, Idioms and Proverbs, Puzzle/riddle (जनऊला), Singing (हाना) of Chhattisgarh.
4. Tribes, Special Traditions, Teej and Festivals of Chhattisgarh.
5. Economy, Forest and Agriculture of Chhattisgarh.
6. Administrative Structure, Local Government and Panchayatiraj of Chhattisgarh.
7. Industry in Chhattisgarh, Energy, Water and Mineral Resource of Chhattisgarh.
8. Current Affairs of Chhattisgarh.

### भाग-2

### योग्यता परीक्षण

1. संचार कौशल सहित पारस्परिक कौशल।
2. तार्किक तर्क और विश्लेषणात्मक क्षमता।
3. निर्णय – निर्माण और समस्या निवारण।
4. सामान्य मानसिक योग्यता।
5. मूल संख्यात्मक कार्य (सामान्य गणितीय कौशल) (स्तर–कक्षा दसवीं), आंकड़ों की व्याख्या (चार्ट, रेखांकन, तालिकाएं, आंकड़ों की पर्याप्तता इत्यादि) (स्तर–कक्षा दसवीं)।
6. हिन्दी भाषा ज्ञान (स्तर–कक्षा दसवीं)।
7. छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान।

हिन्दी भाषा ज्ञान और छत्तीसगढ़ी भाषा से संबंधित प्रश्न उसी भाषा में होंगे, इनका अनुवाद उपलब्ध नहीं होगा।

**Aptitude Test :-**

1. Interpersonal skills including communication skills;
2. Logical reasoning and analytical ability
3. Decision making and problem solving
4. General mental ability
5. Basic numeracy (numbers and their relations, orders of magnitude etc.) (Class X level), Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc. -Class X level)
6. Knowledge of Hindi Language (Class X level).
7. Knowledge of Chhattisgarhi Language.

Knowledge of Hindi Language and Chhattisgarhi Language will be tested in Hindi and Chhattisgarhi Language only, without providing translation.

□□□□□

# परिशिष्ट - एक

## "परीक्षा योजना"

(1) चयन दो चरणों में होगी, प्रथम चरण ऑनलाइन परीक्षा एवं द्वितीय चरण साक्षात्कार।

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन परीक्षा | – | 300 अंक |
| साक्षात्कार | – | 30 अंक |
| **कुल** | – | **330 अंक** |

(2) **ऑनलाइन परीक्षाः–**

(i) ऑनलाइन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के एक प्रश्न पत्र निम्नानुसार होगाः–

**प्रश्न पत्र (सामान्य अध्ययन एवं योग्यता परीक्षण)**

**प्रश्नों की संख्या 150 3:00 घंटे अंक 300**

| | |
|---|---|
| भाग 1 – सामान्य अध्ययन | – 75 प्रश्न (150 अंक) |
| भाग 2 – योग्यता परीक्षण | – 75 प्रश्न (150 अंक) |
| **कुल** | **– 150 प्रश्न (300 अंक)** |

(3) ऑनलाइन परीक्षा के प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (बहु विकल्प प्रश्न) प्रकार के होंगे, प्रत्येक प्रश्न के लिये पांच संभाव्य उत्तर होंगे जिन्हें अ, ब, स, द और इ में समूहीकृत किया जाएगा जिनमें से केवल एक उत्तर सही/निकटतम सही होगा, उम्मीदवार को उत्तर पुस्तिका में उसके द्वारा निर्णित सही/निकटतम सही माने गये अ, ब, स, द या इ में से केवल एक विकल्प का चयन करना होगा।

(4) प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी केवल उन्हीं प्रश्नों के उत्तर दें जिनके संबंध में वे आश्वस्त हों कि वह उत्तर सही है, क्योंकि प्रत्येक गलत उत्तर पर एक अंक कम किया जाएगा। (कुल प्राप्त अंक (2R-W) होंगे जहां R = सहीं उत्तरों की संख्या एवं W = गलत उत्तरों की संख्या)

* किसी प्रश्न के उत्तर विकल्पों में से किसी भी विकल्प का चयन नहीं करने पर संबंधित प्रश्न के उत्तर की जांच नहीं की जाएगी।

(5) पाठ्यक्रम की जानकारी **परिशिष्ट–दो** में दी गई है।

(6) ऑनलाइन परीक्षा के अन्तर्गत उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र में कम से कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में अर्हकारी अंक केवल 23 प्रतिशत होंगे।

(7) **साक्षात्कारः–** साक्षात्कार के लिए कोई अर्हकारी न्यूनतम अंक नहीं है।

(8) **साक्षात्कार** के लिए आमंत्रित किये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या, विज्ञापन में दिए गए रिक्त स्थानों की संख्या से लगभग तीन गुनी होगी। केवल वे उम्मीदवार, जिन्हें आयोग द्वारा ऑनलाइन परीक्षा में अर्ह घोषित किया जावेगा, वे साक्षात्कार के लिए पात्र होंगे।

(9) **चयन सूचीः–** उम्मीदवार का चयन ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर गुणानुक्रम एवं प्रवर्गवार किया जाएगा।

□□□□□